# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 04/11/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक दुकानदार ₹240, ₹258 और ₹252 मूल्य के तीन प्रकार के बीजों को 3 : 1 : 2 के अनुपात में मिलाता है। मिश्रण का औसत मूल्य क्या है?

**Ans** A). ₹246 B). ₹245 C). ₹248 D). ₹247 **Correct Answer: D**

**Q.2** वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 20, 15 और 30 से भाग देने पर प्रत्येक स्थिति में 6 शेषफल प्राप्त होता है।

**Ans** A). 56 B). 96 C). 36 D). 66 **Correct Answer: D**

**Q.3** पहले वर्ष के दौरान एक गाँव की जनसंख्या में 5% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष के दौरान इसमें 6% की कमी आई। दूसरे वर्ष के अंत में इसकी जनसंख्या 35,532 थी। पहले वर्ष की शुरुआत में जनसंख्या कितनी थी?

**Ans** A). 36,000 B). 34,567 C). 37,568 D). 38,000 **Correct Answer: A**

**Q.4** यदि कोई धनराशि साधारण ब्याज की निश्चित दर पर 10 वर्षों में स्वयं की दोगुनी हो जाती है, तो उसी ब्याज दर पर वह धनराशि कितने समय में स्वयं की 4 गुना हो जाएगी?

**Ans** A). 40 वर्ष B). 30 वर्ष C). 20 वर्ष D). 25 वर्ष **Correct Answer: B**


**Q.5** 3 वर्षों के लिए 5% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 410 B). 390 C). 450 D). 490 **Correct Answer: C**

**Q.6** किसी तार का प्रतिरोध उसकी लंबाई के अनुक्रमानुपाती और उसकी त्रिज्या के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती है। एक ही पदार्थ के दो तारों का प्रतिरोध समान है और उनकी त्रिज्याएँ 7 : 8 के अनुपात में हैं। तारों की संगत लंबाई क्रमशः 147 cm और L cm है। L का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 192 B). 128 C). 158 D). 168 **Correct Answer: A**

Q.7 ग्राफ अलग-अलग वर्षों में एक विद्यालय में बारहवीं कक्षा (class XII) की अंतिम परीक्षा में उपस्थित होने वाले और उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या को दर्शाता है।




किस वर्ष में उपस्थित होने वाले विद्यार्थियों के संदर्भ में, उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत सर्वाधिक रहा?

Ans A). 2022 B). 2021 C). 2019 D). 2020

**Correct Answer: A**

Q.8 यदि एक अर्धगोले का आयतन 155232 $cm^3$ है, तो अर्धगोले की त्रिज्या का आधा क्या होगा (cm में)? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)

Ans A). 18 B). 42 C). 21 D). 12

**Correct Answer: C**

Q.9 नीचे दी गई तालिका 4 अलग-अलग विषयों में पाँच विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को दर्शाती है। प्रत्येक विषय के लिए अधिकतम अंक 100 हैं।

| विद्यार्थी | विषय | | | |
|---|---|---|---|---|
| | U | V | W | X |
| रोशन | 68 | 64 | 60 | 72 |
| समीर | 74 | 76 | 68 | 64 |
| आर्यन | 61 | 64 | 59 | 81 |
| मोनिका | 87 | 71 | 84 | 56 |
| अंशिका | 92 | 69 | 52 | 77 |

विषय V में सभी पाँच विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त कुल अंकों का औसत क्या है?

Ans A). 68.8 B). 69.2 C). 65.3 D). 72.7

**Correct Answer: A**

Q.10 एक व्यक्ति एक यात्रा में पहले 120 km की यात्रा 48 km/h की चाल से और अगले 120 km की यात्रा 80 km/h की चाल से तय करता है। यात्रा के पहले 240 km की औसत चाल क्या है?

Ans A). 66 km/h B). 72 km/h C). 64 km/h D). 60 km/h

**Correct Answer: D**

Q.11 संदीप ने एक ओवरकोट ₹8,784 में बेचा और 22% का लाभ कमाया। ओवरकोट की मूल लागत ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹7,150 B). ₹7,250 C). ₹7,200 D). ₹7,100

**Correct Answer: C**

Q.12 एक साइकिल सवार 4 मिनट 10 सेकंड में 2.5 km की दूरी तय करता है। समान चाल से 12 km की दूरी तय करने में उसे कितना समय लगेगा?

Ans A). 12 मिनट B). 20 मिनट C). 11 मिनट D). 10 मिनट

**Correct Answer: B**

**Q.13** एक व्यापारी अंकित मूल्य पर 25% की छूट देने के बाद एक वस्तु बेचकर 44% का लाभ कमाता है। वस्तु के क्रय मूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात क्या है?

**Ans** A). 48 : 25 B). 48 : 35 C). 35 : 48 D). 25 : 48 **Correct Answer: D**

**Q.14** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 69 kg और 35 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 49.8 B). 51.8 C). 48.8 D). 50.8 **Correct Answer: A**

**Q.15** एक विद्यालय में, कक्षा $11^{वीं}$ के तीन वर्ग A, B और C हैं। वर्ग A में 30 विद्यार्थी, वर्ग B में 36 विद्यार्थी और वर्ग C में 40 विद्यार्थी हैं। गणित की वार्षिक परीक्षा में वर्ग A, वर्ग B और वर्ग C में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त औसत अंक क्रमशः 90, 85 और 70 हैं। संपूर्ण कक्षा द्वारा प्राप्त औसत अंक (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 58.70 B). 58.07 C). 80.57 D). 80.75 **Correct Answer: D**

**Q.16** 5 वर्षों के लिए 3% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 450 B). 490 C). 410 D). 390 **Correct Answer: A**

**Q.17** एक कार के रेडिएटर में 52% एंटीफ्रीज का घोल होना चाहिए। एक मोटर चालक के पास 40% एंटीफ्रीज वाला 8 लीटर घोल है। 52% एंटीफ्रीज बनाने लिए उसे अपने घोल में 95% एंटीफ्रीज तरल की कितनी लीटर मात्रा मिलानी होगी (दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)?

**Ans** A). 1.92 B). 4.26 C). 2.23 D). 3.45 **Correct Answer: C**

**Q.18** राजा की टोपी एक लंब वृत्तीय शंकु के रूप में है जिसकी आधार त्रिज्या 3 cm और तिर्यक ऊँचाई 25 cm है। टोपी बनाने के लिए आवश्यक शीट का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (निकटतम पूर्णांक मान तक सही, $\pi$=3.14 का प्रयोग करें)

**Ans** A). 264 $cm^2$ B). 50 $cm^2$ C). 450 $cm^2$ D). 350 $cm^2$ **Correct Answer: A**

**Q.19** एक बड़े अर्धगोलाकार लोहे के कटोरे के शीर्ष की बाह्य परिधि 565.2 cm है और कटोरा y cm मोटा है। यदि कटोरे का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 98,988.5 $cm^2$ है, तो y का मान ज्ञात करें। ($\pi$ = 3.14 का उपयोग करें।)

**Ans** A). 4 B). 3.5 C). 5 D). 6 **Correct Answer: C**

**Q.20** एक ठग व्यापारी अपनी किराने के सामान को वास्तविक वजन से 15% कम वजन का उपयोग करके बेचता है और 20% का लाभ कमाता है। उसका कुल लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 41.17% B). 5% C). 12.8% D). 35% **Correct Answer: A**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी गुलाब, लिली हैं।
कोई गुलाब, सूरजमुखी नहीं है।


निष्कर्ष:
(I) सभी लिली, गुलाब हैं।
(II) कोई लिली, सूरजमुखी नहीं है।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है B). निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है **Correct Answer: A**

**Q.2** MK14 एक निश्चित प्रकार से QO19 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार XV31, BZ36 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए RP52 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). ST58 B). ED43 C). RT90 D). VT57 **Correct Answer: D**

**Q.3** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: A

---

**Q.4** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DBF, HFJ, LJN, PNR, ?

Ans A). QOS B). FDH C). TRV D). SQU

Correct Answer: C

---


**Q.5** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CINEMA' को '591348' लिखा जाता है और 'WAR' को '264' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'A' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans A). 8 B). 3 C). 1 D). 4


Correct Answer: D

---

**Q.6** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: A

---


**Q.7** एक निश्चित कूट भाषा में, 'SNOW' को '7358' के रूप में लिखा जाता है और 'BLEW' को '1293' के रूप में लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'W' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans A). 3 B). 8 C). 1 D). 9


Correct Answer: A


---


**Q.8** उस आकृति का चयन करें, जो निम्नलिखित आकृति श्रृंखला में आगे आएगी।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: B

**Q.9** E, F, G, H, L, K और M एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। K, F के ठीक बाएं बैठा है। K के बाएं से गिनती करने पर K और L के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E के दाएं से गिनती करने पर M और E के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, H के ठीक दाएं बैठा है। H, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के ठीक दाएं कौन बैठा है?

**Ans** A). L B). M C). H D). F

**Correct Answer: A**

**Q.10** एक निश्चित कूट भाषा में, 'system is backbone' को 'sdf wer tce' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'backbone is you' को 'tce kpo wer' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में कूट 'sdf' का क्या अर्थ है?

**Ans** A). you B). backbone C). is D). system

**Correct Answer: D**

**Q.11** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर BMGC एक निश्चित प्रकार से GRDZ से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार LWAW, QBXT से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VGUQ निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). BMQN B). BKRO C). ZKSM D). ALRN

**Correct Answer: D**

**Q.12** 11, किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 106 से संबंधित है। 15, समान तर्क का अनुसरण करते हुए 146 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 19, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 186 B). 189 C). 178 D). 177

**Correct Answer: A**

**Q.13** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी बैग, डफ़ल हैं।
सभी डफ़ल, कंटेनर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कंटेनर, डफ़ल हैं।
(II) सभी बैग, कंटेनर हैं।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: D**


**Q.14** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$12 \times 3 - 5 \div 4 + 11 = ?$


**Ans** A). 11 B). 14 C). 13 D). 12


**Correct Answer: C**


**Q.15** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

**Q.16** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। C के दाईं ओर से गिनती करने पर C और E के बीच में केवल 3 व्यक्ति बैठे हैं। E के बाईं ओर से गिनती करने पर E और G के बीच में केवल 1 व्यक्ति बैठा है। F, D के ठीक बाईं ओर बैठा है। B के बाईं ओर से गिनती करने पर B और F के बीच में केवल 2 व्यक्ति बैठे हैं। G के बाईं ओर से गिनती करने पर G और B के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 3 B). 0 C). 4 D). 1 **Correct Answer: B**

**Q.17** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(284, 238)
(271, 225)

**Ans** A). (252, 196) B). (297, 246) C). (212, 166) D). (185, 135) **Correct Answer: C**

**Q.18** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

41, 48, 55, 62, 69, ?

**Ans** A). 76 B). 75 C). 77 D). 74 **Correct Answer: A**

**Q.19** एक कूट भाषा में, 'STATION' को '18' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'JOURNALS' को '20' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'GOLDMEDAL' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). 44 B). 22 C). 72 D). 28 **Correct Answer: B**

**Q.20** यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '÷' और '−' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$35 \div 4 + 6 - 3 \times 12 = ?$

**Ans** A). 35 B). 39 C). 28 D). 29 **Correct Answer: B**

Section : **General Awareness**

**Q.1** शेरशाह सूरी का मकबरा निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?

**Ans** A). सुल्तानपुर (Sultanpur) B). बड़गांव (Bargaon) C). राजगीर (Rajgir) D). सासाराम (Sasaram) **Correct Answer: D**

**Q.2** भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुसार 'स्वतंत्रता' में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं है?

**Ans** A). विचार B). विश्वास और आशा C). अभिव्यक्ति D). आस्था और पूजा **Correct Answer: B**

**Q.3** फरवरी 2023 में, नीति (NITI) आयोग का सीईओ (CEO) किसे नियुक्त किया गया?

**Ans** A). मोनाली जायसवाल B). बी वी आर सुब्रह्मण्यम C). अय्यर परमेश्वरन D). गीतिका श्रीवास्तव **Correct Answer: B**

**Q.4** दक्कन की ओर अकबर का पहला सेना अभियान (expedition) शहजादा मुराद और ______________ के नेतृत्व में अहमदनगर भेजा गया था।

**Ans** A). मान सिंह B). बीरबल C). अधम खाँ D). अब्दुल रहीम खान-ए-खाना **Correct Answer: D**

**Q.5** थेरवाद (Theravada) को भारत के निम्नलिखित में से किस पड़ोसी देश के आधिकारिक धर्म के रूप में जाना जाता है?

**Ans** A). अफगानिस्तान B). श्रीलंका C). पाकिस्तान D). बांग्लादेश **Correct Answer: B**

**Q.6** हृदय में कक्षों की संख्या के आधार पर, निम्नलिखित में से असंगत का चयन कीजिए।

**Ans** A). कछुआ (Turtle) B). मगरमच्छ (Crocodile) C). गिरगिट (Chameleon) D). मेंढक (Frog) **Correct Answer: B**

**Q.7** किसी देश में कितने केंद्रीय बैंक हो सकते हैं?

**Ans** A). तीन B). एक C). चार D). दो **Correct Answer: B**

**Q.8** कैगा परमाणु ऊर्जा परियोजना (Kaiga Nuclear Power Project) किस राज्य में स्थित है?

**Ans** A). गुजरात B). कर्नाटक C). असम D). बिहार **Correct Answer: B**

**Q.9** मुल्क राज आनंद द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक लिखी गई है?

Ans A). द ब्लू अम्ब्रेला (The Blue Umbrella) B). अनटचेबल (Untouchable) C). द वाइट टाइगर (The White Tiger) D). द गाइड (The Guide)

Correct Answer: B

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा बायोस्फीयर रिजर्व (Biosphere reserve) उत्तराखंड में स्थित है?

Ans A). नीलगिरी B). नंदा देवी C). पचमढ़ी D). दिहांग-दिबांग

Correct Answer: B

**Q.11** टेनिस में 'ड्यूस (deuce)' शब्द का अर्थ क्या है?

Ans A). किसी गेम में अंतिम पॉइंट B). लेट C). सर्विंग में फॉल्ट D). 40-40 का टाई स्कोर

Correct Answer: D

**Q.12** रंजनी हेब्बार (Ranjani Hebbar) का संबंध निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से था?

Ans A). भजन B). हिंदुस्तानी संगीत C). कर्नाटक संगीत D). लोक संगीत

Correct Answer: C

**Q.13** किस ऋग्वैदिक देवता को ईश्वर और मनुष्य के बीच मध्यस्थ माना जाता है?

Ans A). अग्नि B). वरुण C). यम D). इंद्र

Correct Answer: A

**Q.14** टेक्टोनिक प्लेट सीमाओं की गति की दर क्या है?

Ans A). प्रति वर्ष 1-2 इंच B). प्रति वर्ष 1-2 m C). प्रति वर्ष 2-5 km D). प्रति वर्ष 1-2 mm

Correct Answer: A

**Q.15** जुकाम (common cold) के लिए कौन-सा वायरस उत्तरदायी होता है?

Ans A). राइनोवायरस (Rhinovirus) B). इन्फ्लुएंजा (Influenza) C). कोरोना वायरस (Coronavirus) D). हेपेटाइटिस A (Hepatitis A)

Correct Answer: A

**Q.16** 1757 के प्लासी के निर्णायक युद्ध के बाद, निम्नलिखित में से किसे अंग्रेजों द्वारा बंगाल का नवाब घोषित किया गया था?

Ans A). मुर्शिद कुली खान (Murshid Quli Khan) B). मीर जाफर अली खान (Mir Jafar Ali Khan) C). मंसूर अली खान (Mansur Ali Khan) D). मीर कासिम (Mir Qasim)

Correct Answer: B

**Q.17** उत्तराखंड लोक सेवा (महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण) विधेयक, 2022 महिलाओं को कितना आरक्षण प्रदान करता है?

Ans A). 30% B). 25% C). 20% D). 45%

Correct Answer: A

**Q.18** निम्नलिखित में से किस देश ने 2023 में अपना 8वाँ पुरुष एशियाई कप क्रिकेट खिताब (Men's Asian Cup cricket title) जीता?

Ans A). श्रीलंका B). पाकिस्तान C). भारत D). बांग्लादेश

Correct Answer: C

**Q.19** ______________ की शाम को बीटिंग रिट्रीट समारोह (Beating Retreat ceremony) के रूप में एक शाही समारोह गणतंत्र दिवस समारोह के अंत का प्रतीक है।

Ans A). 28 जनवरी B). 29 जनवरी C). 27 जनवरी D). 26 जनवरी

Correct Answer: B

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य पुरस्कार राष्ट्रीय भारतीय शास्त्रीय नृत्य संस्थान (National Institute of Indian Classical Dance) द्वारा आयोजित किया जाता है?

Ans A). भरत शास्त्र नृत्य प्रवीण B). अभिनंदन सरोजा C). नाट्य शिरोमणि राष्ट्रीय D). सनातन संगीत संस्कृति

Correct Answer: B

**Q.21** निम्नलिखित में से किस वर्ष भारतीय संविधान में 86वें संशोधन अधिनियम के द्वारा 11वां मौलिक कर्तव्य शामिल किया गया था?

Ans A). 1976 B). 2002 C). 1986 D). 1982

Correct Answer: B

**Q.22** आवर्त सारणी में उच्चतम विद्युत ऋणात्मकता किस तत्व की होती है?

Ans A). ऑक्सीजन (Oxygen) B). फ्लोरीन (Fluorine) C). हाइड्रोजन (Hydrogen) D). कार्बन (Carbon)

Correct Answer: B

**Q.23** पद्मा सुब्रह्मण्यम, अलारमेल वल्ली, यामिनी कृष्णमूर्ति और अनीता रत्नम ____________ की प्रतिष्ठित कलाकार हैं।

Ans A). कथक B). कुचिपुड़ी C). भरतनाट्यम D). ओडिसी

Correct Answer: C

**Q.24** वर्ष 1930 में, नमक सत्याग्रह का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया था?

Ans A). सरदार वल्लभभाई पटेल B). महात्मा गांधी C). जवाहरलाल नेहरू D). सुभाष चंद्र बोस

Correct Answer: B

-

**Q.25** 1951 की जनगणना के अनुसार, भारत की महिला साक्षरता दर कितनी थी?

**Ans** A). 5.56%  B). 15.35%  C). 10.86%  D). 8.86%  **Correct Answer: D**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the most appropriate synonym of the underlined word in the given sentence.**

**I have a vague memory of meeting her many years ago.**

**Ans** A). Symbolic  B). evident  C). Hazy  D). pellucid  **Correct Answer: C**

**Q.2** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**The act of talking to oneself, often audibly**

**Ans** A). Soliloquy  B). Monologue  C). Solitude  D). Dialogue  **Correct Answer: A**

**Q.3** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**A) Exaggerate**
**B) Accommodate**
**C) Exuberant**
**D) Perservere**

**Ans** A). C  B). A  C). B  D). D  **Correct Answer: D**

**Q.4** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**The fresh air / in the garden relaxes / the minds of children as / the environment is cleaner.**

**Ans** A). in the garden relaxes  B). the minds of children as  C). The fresh air  D). the environment is cleaner  **Correct Answer: D**

**Q.5** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**He hardness ever / complains about / his workload because / he enjoys his job.**

**Ans** A). He hardness ever  B). complains about  C). he enjoys his job  D). his workload because  **Correct Answer: A**

**Q.6** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Show**

**Ans** A). Cover  B). Display  C). Register  D). Exhibit  **Correct Answer: A**

**Q.7** **Select the option that corrects the error in the given sentence.**
**She performed bad in the exam.**

**Ans** A). good  B). badly  C). bad  D). goodly  **Correct Answer: B**

**Q.8** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The teacher asked us to _______ our essays for spelling and grammar errors.**

**Ans** A). advise  B). revise  C). revolve  D). recognise  **Correct Answer: B**

**Q.9** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Opponent  B). Ointment  C). Oblegation  D). Overview  **Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The humble surroundings of our company ______ creativity amongst the newly recruited employees.**

**Ans** A). inspired  B). banished  C). connected  D). filed  **Correct Answer: A**

**Q.11** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Fetid**

**Ans** A). Fatal  B). Fatigued  C). Fragrant  D). False  **Correct Answer: C**

**Q.12** **Your sibling accidentally broke your favourite vase. Which of the following idioms might you use to tell them not to worry about it?**

**Ans** A). "Shallow brooks are noisy" B). "Bite the bullet!" C). "You're walking on air!" D). "Don't cry over spilt milk!" **Correct Answer: D**

**Q.13** **Select the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.**
**Applicants who are younger and prettier than you will continue appliying.**

**Ans** A). applicants B). appliying C). prettier D). younger **Correct Answer: B**

**Q.14** **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.**
**An eucalyptus tree in my backyard is what acts as a landmark for many to reach my house.**

**Ans** A). acts as a landmark for many B). in my backyard C). to reach my house D). An eucalyptus tree **Correct Answer: D**

**Q.15** **Select the most appropriate word opposite in meaning (ANTONYM) to the underlined word in the given sentence.**

**Aunty Hema gave us her <u>candid</u> opinion on the skit we performed on Children's Day.**

**Ans** A). intelligent B). frank C). prejudiced D). strong **Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence.**

**We agree that Professor Revanth is very knowledgeable, but we do not like attending his classes because he always keeps <u>blowing the trumpet</u> .**

**Ans** A). blowing his own trumpet B). the sound of the trumpet C). sounding the trumpet D). the blow of a trumpet **Correct Answer: A**

**Q.17** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**The late secretary of our society was known for his <u>ruthless</u> treatment of all the security personnel of the society.**

**Ans** A). Startled B). Brutal C). Fragile D). Compassionate **Correct Answer: D**

**Q.18** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**How can someone / walk this farthest / just for / peace of mind?**

**Ans** A). How can someone B). walk this farthest C). just for D). peace of mind **Correct Answer: B**

**Q.19** **Select the option that will correct the underlined part of the given sentence. In case no correction is required, select No correction needed.**

**Naveen is <u>as tall as</u> Rocky.**

**Ans** A). the tallest B). No correction needed C). taller than D). tall as **Correct Answer: B**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**I dream of a country where even the least talented person has the ________ to earn a living.**

**Ans** A). admit B). landmark C). opportunity D). priority **Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
Students want (1)________ as the primary outcome of higher education. Hence, practical experience becomes (2)________ valuable to a student's degree. Indian students are highly (3)________ at theoretical learning but lack practical training. This (4)________ an issue for decades in the Indian job market. In order to address this (5)________ issue, state governments have to take a lead. The AP government in the past three years have made efforts to bridge this long-lasting gap between theoretical and practical learning of the students.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank 1.**

**Ans** A). employability B). employable C). appoint D). appointed **Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Students want (1)________ as the primary outcome of higher education. Hence, practical experience becomes (2)________ valuable to a student's degree. Indian students are highly (3)________ at theoretical learning but lack practical training. This (4)________ an issue for decades in the Indian job market. In order to address this (5)________ issue, state governments have to take a lead. The AP government in the past three years have made efforts to bridge this long-lasting gap between theoretical and practical learning of the students.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Select the most appropriate option to fill in blank 2.**

**Ans** A). hardly B). voicelessly C). equally D). abruptly

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Students want (1)________ as the primary outcome of higher education. Hence, practical experience becomes (2)________ valuable to a student's degree. Indian students are highly (3)________ at theoretical learning but lack practical training. This (4)________ an issue for decades in the Indian job market. In order to address this (5)________ issue, state governments have to take a lead. The AP government in the past three years have made efforts to bridge this long-lasting gap between theoretical and practical learning of the students.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank 3.**

**Ans** A). spirit B). spiritual C). relaxed D). competitive

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Students want (1)________ as the primary outcome of higher education. Hence, practical experience becomes (2)________ valuable to a student's degree. Indian students are highly (3)________ at theoretical learning but lack practical training. This (4)________ an issue for decades in the Indian job market. In order to address this (5)________ issue, state governments have to take a lead. The AP government in the past three years have made efforts to bridge this long-lasting gap between theoretical and practical learning of the students.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank 4.**

**Ans** A). is B). has been C). will be D). have been

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Students want (1)________ as the primary outcome of higher education. Hence, practical experience becomes (2)________ valuable to a student's degree. Indian students are highly (3)________ at theoretical learning but lack practical training. This (4)________ an issue for decades in the Indian job market. In order to address this (5)________ issue, state governments have to take a lead. The AP government in the past three years have made efforts to bridge this long-lasting gap between theoretical and practical learning of the students.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank 5.**

**Ans** A). appetite B). insignificant C). momentary D). perennial

**Correct Answer: D**